पंजाब केसरी 11/10/2024

गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त को मिला 'एशियन एडमायरेबल अचीवर्स अवार्ड'

अम्बाला, 10 जनवरी (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने 'एशियन एडमायरेबल अचीवर्स अवार्ड' हासिल किया है।

गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त।

कालेज प्रवक्ता ने बताया कि हाल ही में उनके कालेज के विभिन्न विभागों के प्राध्यापकों ने बहुत से अवार्ड अपने नाम किए हैं। इसी श्रृंखला में प्राचार्य डा. रोहित दत्त को एशियन एडमायरेबल अचीवर्स अवार्ड से सम्मानित किया गया है।

एशिया की इस पत्रिका द्वारा डा. रोहित दत्त को यह अवार्ड शिक्षा और शोध के साथ-साथ सामाजिक क्षेत्र में उनके द्वारा प्राप्त की गई अद्भुत उपलब्धियों के लिए दिया गया है। इस अवसर पर डा. रोहित दत्त ने निर्णायक मंडल की सराहना करते हुए कहा कि यह सम्मान उनके कठिन परिश्रम एवं गुरुओं के शुभाशीष का परिणाम है।